अधर में लटका एनएच 135 सी प्रोजेक्ट

जनप्रतिनिधियों के जिद्द से प्रोजेक्ट पर लगा ग्रहण,दो वर्ष में भी नहीं बना नया एलाइन्मेंट

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 6 सितम्बर। प्रयागराज बाया चितरंगी-सिंगरौली नेशनल हाईवे 135-सी के प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर ग्रहण लगता दिख रहा है। आरोप है कि डेढ़ वर्ष बाद भी एलाइन्मेंट तय नही हो पा रहा है।

दरअसल प्रयागराज से चितरंगी-सिंगरौली तक नेशनल हाईवे 135-सी करीब तीन वर्ष पूर्व प्रस्तावित था। इसका विधिवत एलाइन्मेंट बना और प्रयागराज से एमपी के सीमावर्ती देवरी तक जोरशोर से सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू हुआ, किंतु एमपी की सीमा शुरू होते ही एलाइन्मेंट तक सीमित रहा। इस दौरान प्रस्तावित नेशनल हाईवे सड़क मार्ग में तकरीबन नए-पुराने मिलाकर 3000 मकानों का

निर्माण हो गया और यह निर्माण कार्य चन्द दिनों में हुआ है। बताया जाता है कि प्रस्तावित नेशनल हाईवे 135 के एलाइन्मेंट में मकानों के निर्माण होने के बाद चितरंगी क्षेत्र के कुछ भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के नेताओं को नागवार गुजरा और उन्हें मकान पंसद नही आए। अंततः मुआवाजाजीवी बताकर इसकी शिकायत भारत सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परिवहन मंत्रालय एवं म.प्र. के मुख्यमंत्री के यहां शिकायत की गई। जांच उपरांत उक्त एलाइन्मेंट को भारत सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परिवहन मंत्रालय ने निरस्त कर दिया, लेकिन करीब दो साल का वक्त गुजरने जा रहा है, अभी तक प्रस्तावित प्रोजेक्ट सड़क का एलाइन्मेंट ही नही बन पाया है। चितरंगी क्षेत्र के कई प्रबुद्ध नागरिको का आरोप है कि यहां के जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक व मंत्री उक्त मार्ग के मामले में कोई विशेष दिलचस्पी नही दिखाई दे रहे हैं, जबकि इस हाईवे के बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार में तरक्की होती, परंतु यहां के नेता ऐसा नही चाहते हैं और उन्ही के हठधर्मिता एंव जिद्द ने एलाइन्मेंट को निरस्त करा दिया। कथित नेताओं के जिद्द एवं ईष्शाद्वेश में प्रोजेक्ट को कई साल पीछे कर दिया। अब यह प्रस्तावित नेशनल हाईवे सड़क मार्ग बनेगा की नही, इस पर भी कुछ कह पाना अभी जल्दबाजी होगी। फिलहाल प्रस्तावित नेशनल हाईवे 135-सी के प्रोजेक्ट में ग्रहण लगता दिख रहा है। इसके पीछे यही कहा जा रहा है कि चितरंगी क्षेत्र के भाजपा एवं कांग्रेस के नेता रूचि नही ले रहे हैं, क्योंकि वर्तमान जनप्रतिनिधियों को इसकी क्रेडिट नही मिल पाएगी।

क्रेडिट की संभावना कम, इसीलिए दिलचस्पी नहीं

दरअसल प्रयागराज बाया चितरंगी होते सिंगरौली नेशनल हाईव 135-सी की मंजूरी वर्ष 2021-22 में तत्कालीन सीधी सांसद रीति पाठक एवं चितरंगी विधायक अमर सिंह के कार्यकाल में भारत सरकार केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात एवं मांग के बाद मिली थी। सूत्र बताते हैं कि जब इस प्रोजेक्ट का ऐलान हुआ, तभी कथित भाजपा नेताओं को यह प्रोजेक्ट रास नही आ रहा था और उनके जेहन में हमेशा खटक रहा था। अंततः जब कथित भाजपा नेताओं का समय आया तो उक्त कथित प्रोजेक्ट का खुलेआम विरोध करना शुरू कर दिये। यहां तक कि इसकी लिखित शिकायत भी भाजपा नेताओं ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की थी, यह बात किसी से छुपी नही है। चर्चा है कि यदि यह प्रोजेक्ट सफल हो जाता तो, इसका क्रेडिट उन्हें न मिलता।

छात्र से लेकर व्यापारी भी नाराज

पूर्व में प्रस्तावित प्रयागराज बाया चितरंगी-सिंगरौली नेशनल हाईव 135-सी के एलाइन्मेंट निरस्त होने और दो साल बाद भी नए एलाइन्मेंट न बन पाने पर चितरंगी क्षेत्र के छात्र से लेकर आम नागरिक एवं व्यापारी भी नाराज हैं। कई छात्राओं का कहना है कि यदि उक्त प्रोजेक्ट निरस्त न हुआ होता तो आज आवागमन चालू हो सकता था और चितरंगी से प्रयागराज की महज दूरी तय करने में दो घंटे का वक्त लगता। प्रयागराज शिक्षा का हब भी है और इसका लाभ सीधे छात्रों मिलता। साथ ही व्यापार एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से भी प्रयागराज बेहतर है। परंतु यहां के कथित भाजपा एवं कांग्रेस के नेताओं को यह बात पच नही रही थी, शायद इसीलिए एलाइन्मेंट को निरस्त कराने में पूरी ताकत लगा दिये। एक प्रोजेक्ट को लाने में कितने पापड़ बेलने पड़ते हैं, शायद उन्हें नही पता है या फिर जानते हुये भी सोची-समझी रणनीति के तहत खेला किया।

सर्वेक्षण दल ने बनौली,कटौली व खुटार क्षेत्र का किया सर्वे

ओएलएस सर्वेक्षण दल से मिले सांसद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 6 सितम्बर। सिंगरौलिया हवाई पट्टी को लेकर ओएलएस सर्वे दल आज तीसरे दिन हवाई पट्टी के बाहर कटौली, खुटार एवं बनौली पहाड़ का सर्वे किया। इस दौरान सर्वेक्षण दल से सांसद भी मिले।

यहां बताते चले कि आज तीसरे दिन हवाई पट्टी का ओ एल एस सर्वे प्रारंभ है और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चार सदस्यीय दल द्वारा हवाई पट्टी एवं आसपास के क्षेत्रों का सर्वे जारी है। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने आज सिंगरौलिया हवाई पट्टी पहुंचकर ओएलएस सर्वेक्षण दल से भेंट की और सर्वेक्षण से जुड़ी स्थितियों का जायजा लिया। सर्व के सर्वेक्षण दल ने तीसरे दिन बनौली पहाड़, खुटार एवं कटौली के तरफ से सर्वे किया गया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोनिवि तेजश्विनी शुक्ला एवं सहायक यंत्री संजय श्रीवास्तव मौजूद थे।

एक नजर में

मोरवा थाना प्रभारी ने किया रक्तदान

सिंगरौली। जन प्रयास फाउंडेशन की 9वीं वर्षगांठ के अवसर पर मिश्रा पॉली क्लीनिक एवं नर्सिंग होम बलियरी-बैढ़न में आयोजित रक्तदान शिविर में मोरवा थाना प्रभारी डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह ने स्वयं रक्तदान किया और लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। थाना प्रभारी के रक्तदान करने से शिविर में मौजूद युवाओं और अन्य रक्तदाताओं का उत्साह भी बढ़ा।

कोरसर की सरपंच को मिला राष्ट्र रत्न सम्मान

चितरंगी। चितरंगी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरसर की सरपंच डॉ. स्वाति सिंह को सामाजिक नेतृत्व एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए राष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, संसद मार्ग में आईएसआरएचई संस्था द्वारा राष्ट्र रत्न एवं विकसित भारत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी समारोह में डॉ. स्वाति सिंह को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि रमेश चंद्र रथ, अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट, पूर्व चेयरमैन पीएससी, रेल मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड, सदस्य एनसीएच, रक्षा मंत्रालय तथा राष्ट्रीय वरिष्ठ नेता भाजपा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े आमंत्रित अतिथि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बालक गणपति समिति ने शिक्षकों का किया सम्मान

सरई। शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर शनिवार को बालक गणपति समिति द्वारा सरई के शिक्षकों के सम्मान में आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अमन गुप्ता के नेतृत्व में अंकित गुप्ता, सचिन गुप्ता, रवि गुप्ता, निखिल, आयुष एवं आवेश सहित समिति के सदस्यों ने शिक्षकों का अभिनंदन किया। समिति सदस्यों ने कहा कि गुरु वह दीपक हैं, जो स्वयं प्रकाशमान होकर विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान का उजाला भरते हैं। शिक्षक केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जीवन-मूल्यों की ऐसी सीख देते हैं, जो सदैव मार्गदर्शक बनी रहती है। समिति अध्यक्ष अमन गुप्ता ने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च है।

राधा-कृष्ण की झांकियों से सजा आदर्श नव ज्योति स्कूल

सरई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आदर्श नव ज्योति स्कूल सरई में कृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों, भक्ति गीतों और बच्चों की मोहक प्रस्तुतियों से कृष्णमय नजर आया। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं की सुंदर छटा बिखेरी। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। ऊंचाई पर बंधी मटकी को फोड़ने के लिए बच्चों ने मानव पिरामिड बनाया और प्रतियोगिता के दौरान जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा।

शिक्षक नींव को मजबूती देने वाले प्रमुख स्तंभ हैं : कुमार

शिक्षक दिवस पर 65 शिक्षकों का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

बरगवां 6 सितम्बर। शिक्षक दिवस के अवसर पर हिंडालको महान की ओर से संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल बरगवां में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बरगवां क्षेत्र के 65 शिक्षकों को श्रीफल, अंगवस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षकों के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में हिंडालको महान के स्मेल्टर हेड एस शशि कुमार, वित्त प्रमुख रोहित मतेती एवं सीएसआर प्रमुख संजय सिंह मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए एस शशि कुमार ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान देने तक सीमित नहीं होते, बल्कि उनके चरित्र, सोच और भविष्य का निर्माण करते हैं। एक शिक्षक का प्रभाव केवल एक विद्यार्थी तक नहीं रहता, बल्कि उसके माध्यम से पूरे समाज पर पड़ता है। वित्त प्रमुख रोहित मतेती ने कहा कि व्यक्ति जीवन में चाहे कितनी भी ऊंचाई हासिल कर ले, उसकी सफलता के पीछे किसी न किसी शिक्षक की सीख और मार्गदर्शन जरूर होता है। इधर सीएसआर प्रमुख संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की मजबूत नींव है और शिक्षक इस नींव को मजबूती देने वाले प्रमुख स्तंभ हैं।

कृषि उपज मंडी में केबल पाइप चोरी का खुलासा

छः विधि-विरुद्ध किशोर पकड़े, दुकानदार भी आरोपी, 50 हजार का चोरी का माल बरामद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 6 सितम्बर। कृषि उपज मंडी के सामने बनी करीब 35-40 दुकानों में लगे एसी के कॉपर पाइप व पावर केबल काटकर चोरी करने वाले आरोपियों के मामले में बैढ़न पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छः विधि-विरुद्ध किशोरों को पकड़ा है।

पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार रविचंद्र शाह को भी प्रकरण में आरोपी बनाकर अभिरक्षा में लिया है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक विनय शुक्ला की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस के अनुसार 1 सितंबर की रात 11 बजे से सुबह 5 बजे के बीच अज्ञात आरोपियों ने कृषि उपज मंडी के सामने स्थित करीब 35-40 दुकानों में लगे एसी के कॉपर पाइप और पावर केबल काटकर चोरी कर लिए थे। शिकायत पर थाना बैढ़न में अपराध पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस ने छः विधि-विरुद्ध किशोरों को पकड़ा। पूछतांछ में उन्होंने चोरी का माल दुकानदार रविचंद्र शाह पिता रामजनम शाह उम्र 32 वर्ष निवासी खुटार को बेचने की बात बताई। इसके बाद रविचंद्र शाह को भी आरोपी बनाया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 50 हजार रुपये कीमत का गला हुआ एसी कॉपर पाइप और जला हुआ वायर बरामद किया है। दो अन्य विधि-विरुद्ध किशोरों की तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में उनि विनय शुक्ला, सउनि अनुज प्रताप सिंह, अशोक सिंह बघेल, प्रआर अजीत सिंह, शिवम सिंह और आर अनीष पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।

इनका कहना :-

कृषि उपजमंडी परिसर बिलौंजी के दुकानों के एसी संबंधी सामग्री चोरी करने वाले छः बाल अपचारी शामिल हैं, जिसमें पॉच बालअपचारी और एक दुकानदार आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है और आगे की विवेचना की जा रही है।

सियाज केएम
एसपी, सिंगरौली

चतुर्भुज मंदिर पड़री में मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

सिंगरौली 6 सितम्बर (एनबीएन)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चतुर्भुज भगवान मंदिर पड़री में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण के बीच मनाया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, रामनारायण द्विवेदी, हरीश देव पाण्डेय, विजय कुमार मिश्र अन्य मौजूद रहे।

इंडियन चिल्ड्रेन ऐकेडमी स्कूल में मना शिक्षक दिवस

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 6 सितम्बर। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया गया।

इंडियन चिल्ड्रेन ऐकेडमी स्कूल के भाग 2 में प्रभारी प्रधानाचार्य अंजुला द्विवेदी एवं संस्था प्रमुख जेबी गुप्ता, यश गुप्ता, वंदना गुप्ता, नीलम बैस, रेनू मुस्कान, रागिनी एवं उनके साथी के द्वारा सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए सर्वप्रथम रिया, आस्था, शिवम जायसवाल, अमन सोनी एवं उनके साथियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। इसके बाद शिक्षकों को व्यवस्थापक यश गुप्ता जे बी गुप्ता के द्वारा सभी शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से इस विद्यालय के प्रमुख चंद्रकला अग्रहरि, इला पांडेय, कल्पना दुबे, पूर्णिमा, सावित्री, श्यामलाल आकांक्षा पांडेय, राज सोनी, अनु श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

मल्हार पार्क में बच्चियों के साथ मारपीट

सिंगरौली 6 सितम्बर (एनबीएन)। कोतवाली बैढ़न से चंद कदमों की दूरी पर स्थित मल्हार पार्क में शनिवार की रात करीब 8 बजे कुछ लोगों के बीच मारपीट हो गई। पार्क में विवाद और मारपीट होते देख वहां मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग तमाशबीन बने रहे । 112 डायल पुलिस पहुंच मोर्चा संभाला।

एनटीपीसी विंध्याचल में मेंटर्स एवं मेंटीज का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 6 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा मेंटर्स डे-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक भवन के ग्राउंड फ्लोर ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन में मेंटोरिंग की संस्कृति को सुदृढ़ करना, अनुभव एवं ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना तथा मेंटर्स और मेंटीज के बीच सार्थक संवाद एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता, महाप्रबंधक मणिक्यन सुरेश, महाप्रबंधक देबब्रता त्रिपाठी, महाप्रबंधक डॉ. विनोद कुमार भराली, महाप्रबंधक निर्मल कुमार सिंह, महाप्रबंधक एचपी देवांगन, महाप्रबंधक टीएन सीतारमन, महाप्रबंधक रुमा दे शर्मा सहित अन्य अपर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

समारोह के दौरान प्रतिभागियों के लिए फन गेम्स एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मेंटर्स एवं मेंटीज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अवैध रेत के साथ कांग्रेस नेता का हाईवा जब्त

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 6 सितम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार एवं खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में खनिज विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार को ग्राम भकुआर में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की।

टीम ने मौके पर बिना नंबर के एक हाईवा वाहन को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। बताया गया कि कार्रवाई के दौरान हाईवा वाहन मौके पर फंसा हुआ था। संयुक्त टीम द्वारा वाहन को निकलवाकर जप्त कर लिया गया। वाहन का

चेचिस नंबर एमएटी 777012 एन 3 डी 13538 बताया गया है। जप्त हाईवा को सुरक्षार्थ नवानगर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। सूत्रों के अनुसार उक्त हाईवा वाहन कांग्रेस नेता संदीप शाह का बताया जा रहा है, हालांकि वाहन के स्वामित्व की आधिकारिक पुष्टि अभी खनिज विभाग अथवा पुलिस की ओर से नहीं की गई है।

राजीव गांधी स्कूल में सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 6 सितम्बर। शिक्षक दिवस के अवसर पर राजीव गांधी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में गुरुजनों के सम्मान एवं अभिनंदन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान रामचरितमानस एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिंगरौली विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दिलीप शाह वर्गवा उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह, उपाध्यक्ष बैस एवं कमलेश बैस सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों ने शिक्षक दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन राजीव गांधी स्कूल की प्राचार्या मीना माधवी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है।

ग्राम भारती ने आचार्य सम्मान समारोह का किया आयोजन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 6 सितम्बर। ग्राम भारती सिंगरौली के जिला स्तरीय आचार्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ओपी राय रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं मुख्यवक्ता डॉ. सुशील सिंह चंदेल जिला सचिव कार्यक्रम की अध्यक्षत अनिल झा, जिला संघ चालक आरएसएस जिला विशिष्ट अतिथि एवं गोविन्द प्रसाद तिवारी, सचिव राजनारायण गुप्ता, अध्यक्ष ग्राम भारती उदयचन्द्र शाह एवं सुभाष बैस सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान सरस्वती विद्यालयों के सभी आचार्यो को सम्मानित किया गया।

शिक्षक चरित्र,संस्कार एवं भविष्य का निर्माण करते हैं : मनोज

कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी मुड़पेली खुर्द में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

चितरंगी 6 सितम्बर। भारत के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के पावन अवसर पर कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी मुड़पेली खुर्द में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मनोज तिवारी एडवोकेट एवं नोटरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संचालक कृष्णा शर्मा द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार द्विवेदी ने किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया कि एक शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषयों का ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि वह उनके चरित्र, संस्कार, अनुशासन, व्यक्तित्व एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।